卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 217 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦14 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## गुलदार ने घास काट रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बनाया निवाला



उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। जिले के चिन्यालीसौड़ प्रखंड धरासू रेंज के बड़ी मणिगांव में गुलदार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर घात लगाकर हमला कर अपना निवाला बना दिया। गुलदार के हमले से महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। महिला की मौत के बाद क्षेत्र में लोगों के अंदर दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बड़ीमणि गांव की 32 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी सुंदरलाल रोजाना की तरह करीब साढ़े पांच बजे अपने खेतों में घास काट रही थी। तभी घात लगाए गुलदार ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। गुलदार से जान बचाने के लिए सुनीता देवी ने काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर वह आदमखोर गुलदार से अपनी जान नहीं बचा सकी। उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सुनीता की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। क्षेत्र में गुलदार हमले से ग्रामीण काफी दहशत में हैं। घटना की सूचना वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गयी। जिलाधिकारी ने वन विभाग को प्रभावित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि देने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में गुलदार की दहशत है कुछ बाइक सवारों पर भी गुलदार हमला कर चुका है। बता दें कि उत्तराखंड के (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में पुलिस ने दबोचा गौ तस्कर

### गोली लगने से सिपाही भी घायल, बदमाश को भी लगी गोली



हरिद्वार (उद ब्यूरो)। थाना बहादराबाद क्षेत्रांतर्गत गौतस्करी की सूचना पर मौके पर जा रही पुलिस टीम पर बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दी। जिसमें एक पुलिस जवान को गोली लगी है जबकि पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को भी गोली लगने की सूचना है। दोनों घायलों को रुड़की अस्पताल भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात लगभग एक बजे कुछ गौ तस्करों के रुड़की से बहादराबाद थाना क्षेत्र की सीमा में पहुंचने की जानकारी मिली। जिस पर बहादराबाद थाने की पुलिस और एसओजी रुड़की की टीम ने उन्हें घेर लिया। पुलिस टीम ने उन्हें सरेंडर करने के लिए ललकारा। बताया गया कि गौ तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। पैर में गोली लगने पर एक गौ तस्कर घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान शाहवेज निवासी गांदेवाड थाना फतेहपुर सहारनपुर हाल शाहपुर थाना भगवानपुर उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई। बदमाशों की तरफ से हुई फायरिंग में रुड़की एसओजी का सिपाही नितिन भी घायल (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू मां

उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## साईबर ठगों ने खाते से उड़ाये दस लाख

रूद्रपुर (उद संवाददातां)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक खाताधारक के खाते से नेट बैंकिंग के माध्यम से दस लाख रूपये निकाल लिये गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट मैं चंचल सिंह ढेक पुत्र स्व. नारायण सिंह ढेक निवासी मेट्रोपोलिस ने कहा है कि वह बैंक में खाताधारक है। उसके खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नेट बैंकिंग के द्वारा 10 लाख रुपए निकाल लिए जबकि वह कभी भी नेट बैंकिंग का प्रयोग नहीं करता। न ही उसने इस विषय में किसी से कोई जानकारी साझा की। उसने बताया 12 अप्रैल को सायं वह बैंक में था तथा उसने अपनी पासबुक कम्पलीट करवाई। जैसे ही वह घर पहुंचा उसे जानकारी मिली कि उसके खाते से उपरोक्त रकम निकल गयी है। उसने तुरन्त साईबर सेल सिडकुल में मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ईलाज के नाम पर 3.30 लाख हड़पे

काशीपुर(उदस ंवाददाता)। इलाज के नाम पर शातिर दिमाग ने एक व्यक्ति से 2 लाख 30 हजार रुपयों की रकम हड़प कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रकरण के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गुरु नानक कॉलोनी बाजपुर रोड निवासी रणवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार दयाल सिंह ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को अपराहन उसके मोबाइल फोन के व्हाट्सएप पर कनाडा से कॉल आई। फोन करने वाले ने दूसरी ओर से बताया कि उसका नाम ज्वांटी है। दोस्त के परिवार में एक्सीडेंट हो गया है। वह दिल्ली के कीर्ति नगर स्थित एक अस्पताल में (शेष पृष्ठ सात पर)

## तमंचा और रामपुरिया चाकू समेत तीन दबोचे



काशीपुर(उद संवाददाता)। चोरी व छिनैती जैसी सनसनीखेज घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में लगे 3 साथी बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चाकू और तमंचा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाशों का पुलिस द्वारा आवश्यक धाराओं में चालान करते हुए अभियुक्तों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कटोरा ताल चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान अपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से चहल कदमी कर रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने क्षेत्र से घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने अपना नाम कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी निवासी मलखान सैनी पुत्र स्वर्गीय रूप सिंह, ललितपुर रामनगर निवासी बेगराम सैनी पुत्र कृपाल सिंह सैनी तथा हलदुआ पीपलसाना रामनगर निवासी देवराज पुत्र तेज सिंह बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को तीनों के कब्जे से दो रामपुरिया चाकू तथा एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए बदमाश नशे की लत को पूरा (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने रामपुर रोड से हटाया अतिक्रमण,चालान भी काटे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस मुख्यालय देहरादून के आदेश पर जिले में एनएच पर सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत शनिवार शाम कोतवाली पुलिस ने एनएच रामपुर रोड के दोनों ओर सड़क किनारे अतिक्रमण कारियों पर की गई। यह कार्रवाई सीओ सिटी अनुषा बडोला के नेतृत्व में शुरू हुई। पुलिस ने रामपुर रोड से इंदिरा चौक से डीडी चौक, नैनीताल रोड तक अतिक्रमण हटाया। इस दौरान सीओ ने एनएच के किनारे अतिक्रमण कारियों को चेतावनी भी दी कि अगर दोबारा अतिक्रमण करने की कोशिश की तो कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रामपुर एनएच के किनारे लगे फड़ ठेली वालों का 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान कार्रवाई की। इसके साथ ही अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। हिदायत दी की सरकारी जमीन पर फड़ ठेली ना लगाए। इस अभियान में एसएसआई कमाल हसन, एसएसआइ द्वितीय अर्जुन गिरी गोस्वामी, चौकी रम्पुरा प्रभारी केसी आर्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेटी के ससुराल आये पिता को बेरहमी से पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोटर साईकिल, प्लॉट व एक लाख रूपये नगद की और दहेज मांग कर विवाहित बेटी का उत्पीड़न करने की सूचना मिलने पर बेटी के ससुराल आये उसके पिता की ससुरालियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी और उसके बाद विवाहिता को कमरे में बंद कर पीटा। पीड़िता ने ससुरालियों के विरूद्ध मामला दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसकी विवाह 27 अप्रैल 2018 को आकाश यादव पुत्र उल्फत यादव निवासी शांति विहार कालोनी थाना सुभाषनगर जिला बरेली के साथ हुआ था । पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में खर्च किया था । उसका पति आकाश यादव, सास सुमन, ससुर उल्फत जेठ विकास यादव, जेठानी गायत्री यादव, देवर विशाल यादव दान उपहार से खुश नहीं थे और प्रतिदिन कम दहेज लाने का ताना मारते हुए दहेज में एक मोटर साईकिल, सौ गज का प्लॉट व एक लाख रूपये की मांग करते थे । पिता की कमजोर (शेष पृष्ठ सात पर)

## शादी करते ही चमकी किस्मत,बनीं चेयरमैन



रामपुर(उद ब्यूरो)। यूपी के नगर निगम चुनाव में कई लोगों की किस्मत चमकी है। इन्हीं में एक सना खानम भी है। नामांकन के एक दिन पहले कांग्रेस नेता से शादी करने वाली सना खानम को आम आदमी पार्टी ने चेयरमैन पद के लिए टिकट दिया था। जिसमें उन्होंने दस हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज की और चेयरमैन बन गयी। दरअसल कांग्रेस नेता मामून शाह रामपुर नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाहते (शेष पृष्ठ 7पर)

# सीएम ने किया श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ

## उत्तराखण्ड की पौष्टिक फसलों पर आधारित पुस्तक 'स्वाद के साथ स्वास्थ्य' का विमोचन किया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून में श्री अन्न महोत्सव-2023 का शुभारंभ करते हुए मिलेट्स पर आधारित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया एवं कृषि विभाग उत्तराखण्ड की पौष्टिक फसलों पर आधारित पुस्तक ''स्वाद के साथ स्वास्थ्य'' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह आयोजन 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से न केवल मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे किसानों को भी मोटे अनाजों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन व दूरदर्शिता के कारण ही आज समस्त विश्व हमारे देश की परम्परागत फसलों के महत्व को समझ रहा है। भारत के प्रस्ताव पर ही ''संयुक्त राष्ट्र संघ'' ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''श्री अन्न'' केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है, जहां






''श्री'' होता है वहां समृद्धि, समग्रता और विजय होती है। इसलिए प्रधानमंत्री जी ने मिलेट्स को ''श्री अन्न'' की संज्ञा दी है। श्री अन्न में पौषणीय तत्व के साथ औषधीय गुण भी पाये जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा मिलेट फसलों को प्रोत्साहन तथा आम जनमानस के भोजन में सम्मिलित करने हेतु लगभग 73 करोड़ रुपए की धनराशि स्टेट मिलेट मिशन को दी गई है। जैविक कृषि के साथ-साथ राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन योजना का क्रियान्वयन प्रदेश के 11 जनपदों में इस वर्ष से आरम्भ किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तराखण्ड में प्राचीन काल से ही श्री अन्न की खेती होती थी। राज्य में किसानों से मंडुवे को एमसपी पर लेने एवं इसके लिए महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जो इन्सेन्टिव देने की व्यवस्था की गई है, वह सराहनीय है। कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में राज्य में मिलेट्स के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं। जैविक खेती के क्षेत्र में भी राज्य में अच्छा कार्य हो रहा है। इसके लिए उत्तराखण्ड को लगातार दो साल प्रथम पुरस्कार मिला है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, श्री बृजभूषण गैरोला, श्री सुरेश गड़िया, किसान आयोग के अध्यक्ष श्री राकेश राजपूत, किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री जोगेन्द्र सिंह पुण्डीर, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ अग्रवाल समेत विभागीय अधिकारी और कृषक मौजूद रहे।

# कर्नाटक की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।कर्नाटक में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का संचार हुआ है। इधर पूर्व मंत्री और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष



श्रीमती मीना शर्मा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व कर्नाटक चुनाव ट्रायल के रूप में देखा जा रहा था और यहां कांग्रेस की जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस देशभर में अपना परचम लहरा कर केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी । यहां मीना शर्मा ने कहा कि अब देश में परिवर्तन की लहर शुरू हो गई है। देश से कांग्रेस को मुक्त करने का दावा करने वाली भाजपा के पैरों तले जमीन खिसकने लगी है। श्रीमती शर्मा ने दावा किया कि कर्नाटक चुनाव की तरह 2024 में कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में केंद्र में भी अपनी सरकार बनाएगी। पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि कर्नाटक चुनाव भाजपा के लिए एक चुनौती थी और उनके लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न था जिसमें वह पूरी तरीके से फेल हो गई है स पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिस उमंग निष्ठा लगन समर्पण और जोश के साथ कांग्रेस को सत्ता में लाने का काम किया है उसको वह सैल्यूट करते हैं। इस अवसर पर श्री बेहड़ सहित श्रीमती मीना शर्मा, जगदीश तनेजा, हरीश बाबरा ,परिमल राय,महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर किसान कांग्रेस अध्यक्ष रामदयाल सिंह, पूर्व प्रधान विजय यादव, पार्षद मोनू निषाद, सुशील मंडल, बाबू खान, प्रीति साना, अशफाक अहमद, मोहन भारद्वाज, पूर्व पार्षद उमर अली, सलमानी, रामाधारी गंगवार, इंद्रजीत सिंह, प्रकाश शर्मा, कालीचरण बाल्मीकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय अरोरा, राम स्वरूप भारती, अनिल शर्मा, राजीव कामरा, चेतन भट्ट, एम पी मौर्या, अरविंद सक्सेना, सुदर्शन शर्मा, उमर खान, रवि कठेरिया, कमलेश गुप्ता, राजीव यादव, सोनू शर्मा, ममता देवी, हरिदासी, चमन, किशन, दिनेश मौर्या, मान सिंह, रंजीत तिवारी, आनंद शर्मा, विकास मलिक, कांग्रेस नेता रविंद्र गुप्ता, सुमित राय, जमुना कोली, राजेश कुमार, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कर्नाटक प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों मे कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित कांग्रेसजनों ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में बुद्ध पार्क, तिकोनिया में एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी। श्री बिष्ट ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए कर्नाटक कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों को बधाई प्रेषित करते हुवे भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट करने के लिए कर्नाटक प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। कर्नाटक में



कांग्रेस बढ़ती महंगाई को रोकने तथा भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम कर पूरे देश के लिए एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करेगी।मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीमा भट्ट, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे, जाकिर हुसैन, युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पार्षद राधा आर्य, पार्षद मोहम्मद गुफरान, ललित जोशी, गुरप्रीत प्रिंस, मलय बिष्ट, हर्षित भट्ट, हेमन्त साहू, मयंक भट्ट, विनोद कुमार, गीता बहुगुणा, गजेंद्र गोनिया, कैलाश साह, कौशलेंद्र भट्ट, अमित रावत, आशीष, एडवोकेट मन्नू तुलेरा, नितिन भट्ट, जावेद, बबलू बिष्ट, शंकर कोहली, शादाब, प्रेम कुमार, शानू अल्वी आदि मौजूद थे ।

# यूपी में प्रचण्ड जीत पर भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

गदरपुर (उद संवाददाता)। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में भाजपाइयों ने मिष्ठान विरतण कर यूपी चुनाव परिणाम की



बधाई दी। नगर के सकैनिया मोड़ स्थित भगवती राइस मिल भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा के कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, बुलडोजर बाबा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा उत्तरप्रदेश की जनता ने जिस प्रकार अपना बाहुल्य प्यार निकाय चुनाव में देकर भाजपा को मजबूती प्रदान की है उसके लिए यूपी का हर व्यक्ति बधाई का पात्र है।यूपी के इतिहास में निकाय चुनाव में पहली बार 17 सीटों पर भाजपा के मेयर ने जीत हासिल की है उन्होंने भाजपा मंडल गदरपुर की और से समस्त भारत देश को बधाई है। उन्होंने कहा उत्तरप्रदेश में बुलडोजर बाबा पर हर व्यक्ति भरोसा करता है क्यों कि यूपी के यशस्वी मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा उत्तर प्रदेश में हर व्यक्ति को स्वतंत्रता से जीना सिखाया है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, प्रभारी अमित सिंह,महामंत्री अनिल जेटली, मण्डल अध्यक्ष भाजयुमो मुनि भुसरी,अशोक छाबड़ा, पंकज सेतिया, परमजीत सिंह पम्मा, हरीश रहलन,अश्वनी कुमार,रविंदर प्रधान, किशन गुप्ता,हरीश जेटली, कपिल अरोरा, सतीश छाबड़ा ,ज्योति राज,मानसी शर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# कर्नाटक में चुनावी जीत पर कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाईयां

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत मिलने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। इस दौरान कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। शनिवार को, कर्नाटक में कांग्रेस को निर्णायक परिणाम मिलता देख कांग्रेसियों ने सड़कों पर उतर कर जीत का जश्न मनाया और जोरदार आतिशबाजी की। इस दौरान उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि कर्नाटक की जनता का संदेश, कांग्रेस संभाले सारा देश। उन्होंने इसे असत्य पर सत्य की जीत बताया। कर्नाटक की जनता ने भाजपा के भ्रष्टाचार कुशाशन के खिलाफ वोट दिया है। कर्नाटक से



लोकतंत्र की जड़े पुष्पित पल्लवित हुई हैं। उन्होंने कहा किया कि हम छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी जीतेंगे। देश में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस दौरान आन सिंह रावत, नवतेज पाल, दीपक विश्वास, साहब सिंह, सुमिंदर यादव, मुकेश रावत, विभूति प्रसाद, वसीम मियां, सरस्वती बाला, जानकी कोहली, अमरजीत कौर, अवतार सिंह, विष्णु तरफदार, शिवा, अमित, पूनम, सुशील, समरेन बाला सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# मोनाड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

गदरपुर(उद संवाददाता)। मोनरड स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र अर्जुन त्यागी ने गदरपुर में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है । अर्जुन त्यागी के परिजनों ने स्कूल प्रबंधक सहित शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं। सीबीएसई में अर्जुन त्यागी ने सर्वाअधिक 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है और गदरपुर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही वंश जुनेजा ने 96.8% आयुषी गहलोत ने 96.6% तेजस्विनी तिवारी ने 96.2% कॉमर्स में गुरसिमरन कौर 96.4% वंश गुप्ता 94.6% जिया ग्रोवर 93.2% अक्षांश मदान ने 93.2% अंक हासिल किए वही अंग्रेजी विषय में समीर उल हक ने 98% अंक प्राप्त किए मोनाड पब्लिक स्कूल के एमडी राजेश डावर ने कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तरीय छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने इसके लिए बच्चों एवं अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी एवं कहा कि बच्चों की वर्ष भर की मेहनत का यह परिणाम है इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का संकल्प भी दिलाया और साथ ही साथ विद्यालय मैनेजमेंट और शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दी



## अर्जुन त्यागी ने विद्यालय में टॉप किया

गदरपुर। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले अर्जुन त्यागी के पिता शशांक त्यागी ने बताया कि मोनाड पब्लिक स्कूल में मेरे पुत्र अर्जुन त्यागी ने विद्यालय में टॉप किया है और 98 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उनका कहना है कि इस विद्यालय में पढ़ाई का अर्थ सफलता की गारंटी है उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने इस सफलता के लिए शिक्षकों के सहयोग का भी आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत में 1617 वादों का निस्तारण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशों के क्रम में जिला न्यायाधीश एवम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद के मुख्यालय रुद्रपुर सहित समस्त तहसील न्यायालयों क्रमशः काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, किच्छा एवं सितारगंज में माह के द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2122 वादों में से 1617 वादों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त प्री-लिटीगेशन



के 359 वादों का निस्तारण कर 6,04,02,579 समझौता धनराशि तय की गयी है। न्यायालयों में लम्बित वादों में से फौजदारी के 1045 बाद, एन0आई0एक्ट के 276 बाद, मनी रिकवरी के 02 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 29 वाद, वैवाहिक के 40 वाद, सिविल के 26 मामले, भरण पोषण के 37 मामलों, फौजदारी अपील से संबंधित 15 मामले, सिविल अपील से संबंधित 01 मामला घरेलू हिंसा विवाद संबंधी 9 मामलों, 135 विद्युत अधिनियम के 129 वादों तथा निष्पादन संबंधी 08 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के सचिव श्री सचिन कुमार पाठक द्वारा समस्त माननीय न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, वादकारियों, स्टॉफ एवं बैंक कर्मियों आदि का आभार व्यक्त किया गया।

# दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में...

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार रितिक साहू, महाराजा अग्रसेन वाली गली, सितारगंज में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्रीगणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसकाबेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम सेबोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवंसभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने घाटे वाले तेरा शुक्रिया, बिट्टूअरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझकोसमझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे, गोविंद ग्रोवर में मेरा बाबा मेरे साथ है, अंकुर भटनागर ने वीर हनुमाना अति बलवाना, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिर में आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा कीआरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खरैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, संजय जैन, पप्पू शर्मा, खघ्रैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, मदन लाल खन्ना, रितेश सक्सेना, नत्थू लाल, आशीष सिंघल, शंकर विश्वास, सौरभ अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवीअरोरा, बिट्टू अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।






# पोक्सो अधिनियम में अभियुक्त को बीस वर्ष की सजा सुनाई

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार खुल्बे ने पोक्सो अधिनियम के एक अभियुक्त को 20 वर्ष की कठोर सजा सुनाई है। उसे 22 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। घटनाक्रम के अनुसार चार मई 2022 को पीड़िता ने अपने दादा को बताया कि उसके साथ अभियुक्त गणेश राम पुत्र धन राम निवासी कपकोट, बघर ने दुष्कर्म किया है। वह तब 14 वर्ष की थी और वह गर्भवती हो गई। दादा ने पीड़िता को साथ लेकर कपकोट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि पीड़िता के माता-पिता जन्म से लापता हैं। रिपोर्ट दर्ज करते समय उसके पेट में सात माह का गर्भ था। उसका चिकित्सा परीक्षण कराया गया। उसे बाल किशोर गृह अल्मोड़ा भेजा गया। विवेचना के दौरान उसने एक बेटी को जन्म दिया। जिसका डीएनए परीक्षण किया गया। अभियुक्त गणेश राम नवजात शिशु का बायोलाजिकल फादर निकला। एसआइ वंदना चौहान ने विवेचना की। विशेष लोक अभियोजक खड़क सिंह कार्की ने 10 गवाह परीक्षित कराए। मामले में विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी पाया। पोक्सो में 20 वर्ष का कठोर करावास और 20 हजार रुपये का जुर्माना और धारा 506 में एक वर्ष की सजा और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# पलक टुटेजा ने किया नाम रोशन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी बॉबी टुटेजा की पुत्री पलक टुटेजा ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। पलक आरएएन पब्लिक स्कूल भूरारानी की कामर्स संकाय की छात्रा है। बचपन से ही वह होनहार रही है। पलक ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरूजनों को दिया है। साथ ही भविष्य में सिविल सर्विस में जाकर देश सेवा करने की इच्छा जताई है। बॉबी टुटेजा की पुत्री पलक टुटेजा की सफलता पर शहर के तमाम लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राजभवन में सुजोक थेरेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

देहरादून (उद संवाददाता)। शनिवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने एक सप्ताह तक चले सुजोक थेरेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की विशेष पहल पर इंटरनेशनल सुजोक की अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौधरी द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण में राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं के निदान के बारे में बताया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को अपनी हिचकिचाहट और संकोच को छोड़कर अपने हुनर को निखारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम जहां स्वास्थ्य संबन्धित चुनौतियों का समाधान खोजते हैं वंही उनके संकोच को भी दूर करते हैं। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि उनका प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याएं रखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया जाय। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं स्वरोजगार की इच्छुक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर करने का प्रयास भी किया जाएगा। इस अवसर पर आईजी कार्मिक विम्मी सचदेवा, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ इन्दिरा अग्रवाल सहित राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाएं उपस्थित रही।



# लोक अदालत से 93 मामलों का हुआ निराकरण

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोकअदालत का आयोजन किया गया। सीनियर सिविल जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जयेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय न्यायाधीश आरके खुल्बे, की अदालत में संख्या एक में एमएसीटी का निस्तारण कर तेरह लाख का समझौता किया गया।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह की अदालत में बैंच संख्या-दो में फौजदारी वाद, पारिवारिक वादों से सम्बंधित कुल 66 वादों का निस्तारण 53हजार का समझौता किया गया, सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीत कुमार की अदालत में बैंच संख्या -03 में फौजदारी,धन वसूली,138 एनआईएक्ट एवं पारिवारिक वादों से सम्बंधित कुल 15 वादों का निस्तारण कर 4,12,018रुपए,( चार लाख बारह हजार अठारह) का समझौता किया गया।इसके अलावा बैंक से संबंधित प्री-लिटिगेशन के 11 मामलों का निस्तारण कर 15,14,556 रुपए( पंद्रह लाख चौदह हजार पाच सौ छप्पन) का समझौता कराया गया तथा एक भरण-पोषण से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामले का निस्तारण किया गया।वही विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश जयेंद्र सिंह ने बताया कि आमजन को कानून की विभिन्न जानकारियां, लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, लोक अदालत से वादकारियों को सुलह समझौते के आधार पर वादों का निराकरण किया जा रहा है, उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर आयोजित होने वाले शिविरों का लाभ लेने की अपील की।



# महानाम संकीर्तन में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दुर्गापुर नंबर 1 में श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंच कर पूजा अर्चना की एवं शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। प्राइमरी स्कूल प्रांगण आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को आयोजक कमेटी ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री ठुकराल ने संकीर्तन सुना और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।श्री ठुकराल ने कहा धार्मिक आयोजनों से वातावरण शुद्ध और उर्जावान होता है। धार्मिक आयोजन हमें बुराई का त्याग और अच्छा की राह पर चलने की प्रेरणा देते है।श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान कीर्तन मण्डलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हरी सरकार, ग्राम प्रधान गगनदीप सिंह, बंकिम मंडल ,प्रदीप मिस्त्री, गोविंद मंडल ,कालू मंडल ,प्रभास मंडल ,तपन मंडल, वरुण सरकार, तरुण राय, सुकुमार साना, रवि मंडल ,सुधनवा माली, सुधीर ठाकुर ,बंटी कोली व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## यौन उत्पीड़न कानून

विशाखा कानून के तहत यह प्रावधान इसलिए किया गया था कि अगर किसी संस्थान में किसी महिला के यौन उत्पीड़न का प्रयास किया जाता है, तो वह उस समिति के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उस कुश्ती महासंघ में यौन उत्पीड़न को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच यह चिंताजनक तथ्य उजागर हुआ कि तीस में से पंद्रह खेल महासंघों में व्यवस्थित आंतरिक शिकायत समिति नहीं है। कुश्ती महासंघ समेत पांच खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित ही नहीं है। कुछ खेल संघों में समिति तो है, पर उनमें कोई कोई योग्य सदस्य नहीं है। कुछ में कोई बाहरी सदस्य नहीं है। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने खेल संघों से जवाब तलब किया है। यौन उत्पीड़न कानून के तहत हर संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। विशाखा कानून के तहत यह प्रावधान इसलिए किया गया था कि अगर किसी संस्थान में किसी महिला के यौन उत्पीड़न का प्रयास किया जाता है, तो वह उस समिति के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उस समिति को अधिकार दिए गए हैं कि वह दोषी व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सके। इस व्यवस्था की वजह से संस्थानों, निजी कंपनियों आदि में महिलाओं के साथ पुरुषों के व्यवहार में बदलाव भी देखा गया। कई मामलों में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई। कइयों को अपनी नौकरी तक गंवानी पड़ी। मगर हमारे देश में संस्थानों का स्वरूप भी हमारे समाज की तरह का ही है, इसलिए वहां भी पुरुष मानसिकता आड़े आती है। खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित न किए जाने के पीछे भी यही मानसिकता काम करती देखी जा सकती है। इन समितियों में संस्थान के भीतर के कुछ ऐसे कर्मचारियों को सदस्य बनाया जाता है, जो यौन उत्पीड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। उनमें महिला कर्मचारियों को तरजीह दी जाती है। फिर कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि उन समितियों में कुछ योग्य बाहरी लोगों को भी सदस्य बनाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि संस्थानों के भीतर किसी प्रकार के पक्षपात आदि के चलते शिकायतकर्ता को अन्याय का शिकार न होना पड़े। मगर इन नियमों का पूरी तरह पालन करना तो दूर, कई संस्थान आंतरिक समिति गठित करने की अनिवार्यता को ही धता बताते नजर आते हैं। इसके पीछे का मकसद जाहिर है। न समिति रहेगी, न कोई महिला शिकायत दर्ज कराएगी। फिर यह भी किसी से छिपी बात नहीं है कि कार्यालयों में अपने खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर महिलाएं अदालत का रुख करने में हिचकती हैं। हालांकि जिन संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया भी गया है, उनमें से बहुतों में पक्षपात की शिकायतें मिलती हैं। चूंकि समिति में उसी संस्थान के कर्मचारी सदस्य होते हैं, इसलिए उनमें किसी एक के प्रति झुकाव स्वाभाविक है। फिर ये समितियां समझा-बुझा कर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास करती हैं। इस तरह मामला तो दब जाता है, पर प्रवृत्ति नहीं खत्म हो पाती। पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आंतरिक शिकायत समिति होने से कर्माचारियों पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव काम करता है। अगर कुश्ती महासंघ में सशक्त आंतरिक शिकायत समिति गठित होती, तो महिला खिलाड़ियों को शायद इस तरह अपने उत्पीड़न की पीड़ा को सिसक-सिसक कर सहन न करना पड़ता। उन्हें अपने प्रति हुए दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर सड़क पर न उतरना पड़ता। वह समिति मामले को कानूनी ढंग से निपटाने का प्रयास करती। देखने की बात है कि खेल महासंघ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सवाल पर क्या जवाब देते और इस मसले पर कितनी गंभीरता दिखाते हैं।

# आज की 'मां' यानी सुपर मॉम

मई माह का दूसरा रविवार पूरे विश्व में मां के नाम समर्पित है इंसान हर ऋण से मुक्त हो सकता है परंतु मातृऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकता दुनिया में आने से पहले ही अपने खून से स्विच कर इस जननी के लिए जितना किया जाए उतना कम है कहा भी गया है ईश्वर मां के रूप में इस संसार में उपस्थित रहते हैं



मां तो पूजनीय हैं अतुलनीय है इस एक शब्द 'मां के आगे सारा ब्रह्मांड भी छोटा पड़ जाए वह जननी है भरनी है त्याग निस्वार्थ प्रेम वात्सल की प्रतिमूर्ति है जब एक बच्चा जन्म लेता है तभी एक नारी का मां के रूप दूसरा जन्म होता है मां विशेषकर, भारतीय मां विशेष रुप से ममता, वात्सल्य, त्याग,शालीनता शक्ति सहनशीलता वीरता, धार्मिकता-संस्कारों ढेर सारे गुणों का भंडार है इतिहास गवाह है कौशल्या यशोदा सुंदरी जीजाबाई और नाम है उसे ने देश-धर्म संस्कृति, सत्य की विजय की खातिर अपने अनमोल ममता का भी त्याग बलिदान कर दिया , एक नारी मां के रूप में एक साथ कई व्यक्तित जीती है पहली पाठशाला प्रथम गुरु शिक्षिका, तो कभी मित्र- सखा बन अपने नन्हे मुन्ने के साथ अठखेलियां करती, उसके सुख-दुख की भागीदारी करती, कभी भला-बुरा समझाने में मार्गदर्शक- सलाहकार बन जाती कभी तरह के पकवान बना 'कुक' तो कभी तो कभी चोट खरोच पर मरहम पट्टी दवा सेवा कर चिकित्सक बन जाती है। अपने बच्चे घर बाहर का हिसाब लेखा- जोखा अपने दिमाग में रख,कई सारे सवालो मुश्किलों का जवाब उपाय ढूंढ न जाने कैसे एक पूरा डाटा फीड कर खुद में संस्थान बन जाती है, इन सब में वह स्वयं तक को भूल जाती है। आज की मां पहले की अपेक्षा ज्यादा जागरूक, एक्टिव शिक्षित ,आत्मनिर्भर एवं स्वतंत्र विचारों वाली हो गई है अधिकतर कामकाजी होने के कारण अगर दोनों घर बाहर दोनों जगह कुशल प्रबंधन में चाह कर भी बच्चों को कम ही वक्त दे पाती हैं और हां अब महिला आरक्षण के चलते राजनीति में भी मजबूत कदम रख चुकी है जिससे कूटनीतिज्ञ चतुराई के साथ स्मार्ट व्यवहारिक हो गई है। पश्चिमी देशों की अपेक्षा पूर्वी देशों में पुरुष प्रधान मानसिकता के कारण जैसे हिंदुस्तानी मां को अपनी भावनाओं को काबू रखने के साथ-साथ कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है माना कि कुछ तकनीकी संसाधनों के अविष्कार से दिनचर्या सुगम हो गई है समय-श्रम की बचत हो रही है लेकिन माताओं का मानसिक श्रम, तनाव, अस्वस्थता बढती जा रही है उन्हें घर बाहर, समाज आर्थिक हर क्षेत्र में सामंजस्य बिठाने के साथ-साथ स्वयं को भी अपडेट रखना पड़ता है, आजकल के बच्चे पहले से ज्यादा महत्वाकांक्षी, असहनशील, स्व केंद्रित है रही-सही कसर कोरोना महामारी के दुष्प्रभाव ने पूरी कर दी लाकडाउन के बाद बच्चे ज्यादा स्व केंद्रित, एकांकी , इंटरनेट मोबाइल उपभोक्ता होते जा रहे हैं ऐसे में मां को अपने बच्चों को शांत संस्कारी समझाने और सामंजस्य स्थापित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है , वह स्वयं भी मोबाइल व्हाट्सएप फेसबुक जैसे सोशल नेटवर्किंग दुनिया में खुद की एक पहचान, रिश्तो , शिक्षा आदि न जाने कितने बड़े ज्ञान के भंडार को समेट लेना चाहती है और पहले की अपेक्षा अब की मां के पास काम ज्यादा और समय कम होने लगा है और बस इस तरह मां सेष सुपर मॉम -सुपर हीरो जैसे बनने की अपेक्षा की जाने लगी है एक ऐसी नारी जो जॉब भी करें घर बच्चे भी संभाल ले बच्चों के स्कूल के काम प्रोजेक्ट पूरा करने में कंप्यूटर इंटरनेट का भी पूरा ज्ञान रखे, और अपने बड़ों पारिवारिक परंपराओं धार्मिक अनुष्ठानों रीति-रिवाजों को अच्छे से निभाए, साथ ही स्वस्थ, स्मार्ट, एक्टिव, परफेक्ट फिगर वाली फिट हो बिना किसी से अपेक्षा कर बिना कोई सवाल जवाब करें मिनटों में सब काम निपटाए और काफी हद तक आज की मां इन सब कसोटियों में खरा उतरने की ष्सुपरमामष बनने के लिए जी-जान से कोशिश भी कर रही है उसकी छवि दिन प्रतिदिन बदल रही है. उससे अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। परन्तु मां तो बस मां है, आधुनिक हो या प्राचीन सक्षम हो या असक्षम धनी हो या निर्धन पढ़ी लिखी हो या अनपढ़ , उसकी अपनी भावनाओं- कोशिश में कमी नहीं आती है। बिना जताई इतना सब कुछ कर जाती है माना देवी समान पूजनीय नारी यानी मां के लिए जन्नत भी कुर्बान कर दी जाए तो भी उसके अथाह वात्सल्य समुंदर के आगे एक बूंद समान होगी उसके कदमों में जमाने भर की सुख सुविधाएं खुशियां वार भी जाए तो भी कम है, एक दिन मातृ दिवस उस मा के नाम समर्पित कर उसे दिल से, दिखावे से अलग-अलग तरीकों से सामर्थ्य के अनुसार तोहफे , खुशी ,सम्मान दे कर अपना प्यार व लगाव जताकर उत्सव की तरह से मनाकर उसे गौरवान्वित करने का प्रयास करते हैं, हालांकि ये कुछ विशेष वर्ग और कभी कभी सोशल मीडिया तक ही सीमित है परंतु हर मां सिर्फ थोड़ा सा प्यार, सम्मान का हक रखती है हर मां के जीवन में रोज उसका दिन यानी 'मातृ दिवस' आये, प्रकृति के खूबसूरत वरदान (मां)के लिए उसे गौरवान्वित कर जाएं । मातृशक्ति को शत शत नमन एवं मातृ दिवस की बधाइयां एवं शुभकामनाएं।

**-डॉ . रचना अरोरा,रूद्रपुर।**

## क्योंकि तुम एक माँ हो ...

दवा असर न करे तो नजरे उतारती है,माँ है जनाब कहां हार मानती है । माँ तुम केवल श्रद्धा ही नही सारे संसार का संपदन हो तुम्हारे ही इस शब्द मे सारा संसार समाया है। तुम्हारा ही माँ शब्द दया करूणा वात्सल्य ममता से परिपूर्णँ है तुम्हारे



ही स्पन्दन से सारा जग गतिशील हो रहा है ।तुम्हारी ही शक्ति संसार मे उजागर हो रही है। तुम्ही संसार के कण कण मे विधमान हो।तुम्हारे हीआँचल की ठंडी छावं मे एक व्यक्तित्व जन्मता बढ़ता व सँवरता है।तुम्ही एक ईश्वर को जन्म देने व पालने की साम्थ्यं रखती हो तुम्ही उसकी पहली गुरु हो जो उसके जीवन व चरित्र को आकार देती हो तुम्ही एक कीचड़ मे सने अपने दुखी बालक को देखकर बिना एक क्षण गवाये दौड़कर अपनी बाहो को फैलाकर अपने ममता भरे आँचल मे छुपाकर अपने हदय से लगा लेती हो।अपने बच्चे को दुखी देखकर स्वयँ दुखी हो जाती हो काम से लौटे बालक को पहले भौजन के लिये पूछती हो बिना कहे उसके भावो को पढ़ लेती हो। तुम्ही अपने बच्चे की गल्ती पर उसे डांटती भी हो जरूरत पढ़ने मारती भी हो फिर अकले बैठकर रोती भी हो क्यो कि तुम उसके भविष्य के बारे मे जानती हो तुम अत्यन्त सहज व सरल हो तुम्हारा प्रेम पवित्र निस्वार्थ व हदय स्पर्शी है तुम्ही सभी दर्दों की दवा हो क्योकि तुम एक माँ हो। **-नरेश छाबड़,रूद्रपुर**

**मातृ दिवस की पावन बेला है**



आज मैं देती सभी को बधाइयां हूं।
मैं अपने ह्रदय को विशाल बना पाऊं कैसे।
एक मां की पीड़ा को शब्द में उतार पाऊं कैसे।
समुंदर से गहरे प्रेम का रंग कागज में दिखाऊं कैसे।
दे दे मेरी मां इतनी ताकत मुझे तेरे प्यार की
हर स्मृति को आंख बंद करके लिख जाऊं मैं।
पीकर छाती से दूध आज मैंने
मां के लिए कलम चलाई है
भीग गए मेरे नैना जब मैंने अपनी मां की तकलीफ कागज पर उतारी है।
है नमन हर मां को जो तप्ती धूप को शरद बना देती है।
बच्चा जब भूख से रोता कोई तो आंचल से दूध बहा देती है मां
बिना कहे हर उलझन समझ जाए वह मैं मां कहलाती है।
9 माह कोख में रखकर जन्म देती है वो
जो हर पल दर्द सहकर कर भी मुस्कुरा जाती है
9 माह जाने कितनी करवट बदली होगी ना जाने कब चौन से सोई होगी वो
ना नींद उसे प्यारी है ना चौन उसे प्यारा है वह मां ही होती है
जो सिर्फ बच्चे की किलकारी में जन्नत का नूर देख पाती है।
पड़ जाती है पीके मेरे शब्द आज मां की स्मृति लिख पाऊं कैसे
समुंदर से गहरा प्रेम मैं दिखलाओ कैसे
कर दे मेरी मां कोई कृपा तू रहमत इतनी तू बरसाना
मेरे कलम को ना रुकने देना आज
मेरी चाहत का हर जुनून तू इस कागज पर बरसाना
रह ना जाए सुना यह कागज तू कुछ ऐसी कृपा बरसाना
लिख डालू मैं तेरे प्रेम की स्मृतियां बस कुछ ऐसी कृपा कर जाना।
बस कर दे इतनी कृपा चरणों में दे देना इतना स्थान
तेरे कदमों को चूम लूं जन्नत से प्यारी तेरी गोद में मैं सर रखकर सो जाऊं
हे मातृ दिवस की पावन बेला पर यह सौगंध
हमारा भारत भूमि की हर धरा पर जगमगाए माता का परचम।
सौ बार नमन सौ बार नमन बारंबार नमन भारत मां की माताओं को।

**-शालिनी शर्मा**

# मदर्स डे पर विशेषः सबसे ऊँची व अच्छी मिसाल माँ का प्रेम

मदर्स डे एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। माँ और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि



एक पवित्र व स्वार्थ से रहित है। यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे उँची व अच्छी मिसाल माँ और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी माँ के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी माँ को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहाँ तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी माँ के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक माँ का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। माँ और बच्चे के रिश्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है। एक माँ अपने बच्चे के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देती है। वह स्वयं अपनी थाली से भोजन लेकर बच्चे को खिलाती है। इसी प्रकार वह स्वयं अपना कोट उतारकर बच्चे को देती है ताकि उसका बच्चा गर्म महसूस कर सके। एक माँ द्वारा अपने बच्चे के लिए की गई कुर्बानियों व बलिदान का कोई अंत नहीं है। इस पवित्र रिश्ते में एक माँ अपने बच्चे के प्रेम के सिवाय इस दुनिया के जितने भी लगाव व प्रेम हैं उनको छोड़ देती है। जब बच्चा उसकी बाहों में लेटा होता है तो वह सब कुछ भूल जाती है और सिर्फ अपने बच्चे के प्रेम में मगन रहती है। एक माँ इस रिश्ते में अपना आपा अर्थात् अहंकार को त्याग देती है। इसी प्रकार एक माँ अपने बच्चे की इच्छाओं के आगे स्वयं को झुका लेती है और उसकी निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। हम जानते हैं कि एक माँ का अपने बच्चे के प्रति प्रेम नाजुक और हृदय स्पर्शी है। यह सांसारिक प्रेम का शुद्ध रूप है जो कि पूरी तरह से स्वार्थ से रहित है। इसके साथ ही बच्चों को भी यह जानना और समझना चाहिए कि उनकी माताएँ किस प्रकार उनकी सेवा करती हैं और कितना वे उनके आराम और सुख-सुविधा के लिए त्याग करती हैं। जब हम बड़े हों तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपनी माताओं के लिए क्या करें। हम उन्हें आदर सहित प्रेम करके ऐसा कर सकते हैं। हम अपने अंतर्मन से हमारे लिए की गई उनकी कोशिशों व प्रयासों को स्वीकार करें। इसके साथ ही यह भी कहा जाता है कि एक प्रभु का प्रेम अपने शिष्य के लिए हजारों माताओं के प्रेम से भी बढ़कर है। सर्वशक्तिमान पिता- परमेश्वर हम सभी को बहुत प्रेम करते हैं। वे हमसे किसी भी प्रकार की कोई आशा नहीं करते और वे केवल हमें देने के लिए ही आते हैं। वे हमेशा हमें अपने अंतर में जाकर उनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। हम मदर्स डे के दिन यह प्रतिज्ञा करें कि हम अपनी माँ के निस्वार्थ प्यार को न सिर्फ मदर्स डे के दिन स्मरण करें बल्कि उसे प्रतिदिन अपने दिलों में संजो कर रखेंगे। हम परम पिता-परमात्मा का भी शुक्रिया अदा करें कि उन्होंने हमें मानव जीवन का सुनहरा अवसर प्रदान किया है और उनके अनगिनत आशीर्वाद व असीम प्रेम का शुक्रिया अदा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम प्रेम से सदाचारी जीवन जीते हुए ध्यान- अभ्यास में समय दें और आध्यात्मिक मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें।

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

## माँ तुझे सलाम



तेरा बखान मैं करूँ किस मुख से
कलेजा भी माँगू तो दे दे तू खुशी से
रात भर जागे है तू मेंरे जागने से
दुख है मेंरा और बहते हैं आंसू
तेरी आँखों से दर्द कोई अपना
न कहे कभी किसी से
सारे गम छुपा लेती है अपने
बस एक छोटी सी हंसी से
माँ तेरे आंचल में
सुख है जन्नत का
खुद भगवान भी कहते हैं ऐसा सभी से
माँ तेरा बखान मैं करुं किस मुख से
माँ धरती है माँ नभ है
माँ ही रब है माँ है तो सब है
कामों की गठरी कन्धे पर लादे
कभी नहीं उफ्फ कहती है
केवल जन्म नहीं देती है
जीवन भी देती है
माँ गंगा है माँ धाय है माँ गाय है
माँ बच्चों की चिंता का
एक मात्र उपाय है
माँ की ममता मे देखो कितना दम है
दुनिया भार की हर
उमंग इसके आगे कम है
ममता की राहो मे उसको
कोई बाधा झुका नहीं सकती
माँ की सेवा कर लोगे
जो तुम सुबह शाम
घर बैठे ही मिल जायेंगे
तुमको आठों धाम

**-सुषमा अग्रवाल**
**समाज सेविका,रूद्रपुर**

## अवैध शराब बेचने ले जाता गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को अवैध शराब बेचने ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हेकां. आसिफ हुसैन व कानि0 हरीश गोस्वामी रात्रि गश्त कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर वह भूत बंगला गेट के पास पहुंचे। जहां पेड़ के नीचे एक व्यक्ति हाथ में थैला पकडे खड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता धर्मपाल कोली पुत्र मुकट लाल निवासी रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके हाथ में पकडे कट्टे से कुल 51 पव्वे अवैध शराब के मिले। उसका कहना था कि यह शराब वह बेचने ले जा रहा है। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर धर्मपाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

काशीपुर( उद संवाददाता)। 55 लीटर कच्ची शराब समेत एक और तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने छापामार कार्यवाही करते हुए गुलजारपुर के जंगल से अवैध कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए गोबरा बाजपुर निवासी बलराज उर्फ राजू पुत्र खजान सिंह को मौके से दबोच कर उसके कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस की इस कार्रवाई से कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा गया। पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्कर से जरूरी पूछताछ के बाद उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

# कांग्रेसियों को मिली संजीवनी,खुशी की लहर

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बजरंगबली का गुणगान कर की आतिशबाजी,कर्नाटक चुनाव के नजीते ऐतिहासिक : माहरा

देहरादून/अल्मोड़ा/नैनीताल(उद संवाददाता)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत केसाथ हुई जीत पर उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि कर्नाटक चुनाव के नजीते काफी ऐतिहासिक है। शनिवार को कर्नाटक में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि चुनावों में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का काफी असर रहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की स्टेट लीडरशीप काफी मजबूत है। जिसकी वजह से चुनाव में काफी अच्छे परिणाम आए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों के साथ कांग्रेसी जीत का जश्न मना रहे हैं। कर्नाटका में कांग्रेस की शानदार जीत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में राजीव भवन देहरादून में आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया। कर्नाटक में कांग्रेस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कोटद्वार झंडा चौक पर महानगर कांग्रेस कमेटी व जिला युवा कांग्रेस द्वारा एवं समस्त कांग्रेस जनों के साथ कर्नाटक विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत की खुशी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर आतिशबाजी कर मिठाई मिठाईयाँ खिलाकर एंव आतिशबाजी जलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज, जिला महामंत्री ( संगठन) त्रिलोचन जोशी, नगराध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी, प्रदेश महामंत्री एड. केवल सती, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष महेश चन्द्र आर्य, वरिष्ठ नगर कांग्रेस जनो में खासा उत्साह है । जिला अध्यक्ष कांग्रेस नैनीताल राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कर्नाटक की जीत पर राम मन्दिरष( राम लीला मौहल्ला ) में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया । कांग्रेस जनों ने बजरंग बली जी की पूजा की व हनुमान चालीसा पाठ किया







कांग्रेस की जीत पर उत्तराखंड में भी कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद देशभर में कांग्रेसी जात का जश्न मना रहे हैं। उत्तराखंड कांग्रेस में भी जीत के बाद खुशी की लहर दौड़ गई है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कर्नाटक विधानसभा में जीत पर कहा कि कर्नाटक चुनाव के नजीते काफी ऐतिहासिक है। कहा कि जहां एक ओर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हिमाचल में हारे तो वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे कर्नाटक को जीताने में सफल हुए हैं। जो कि सराहनीय है। कर्नाटक चुनावों में जीत के बाद उत्तराखंड कांग्रेस में खुशी का माहौल है। कांग्रेस के कार्यकर्ता उत्तराखंड के प्रदेश कार्यालय में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। प्रचंड जीत के बाद प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने घंटाघर में स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे सादर नमन किया। कांग्रेस पार्टी की कर्नाटक चुनाव मे ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश मुख्यालय देहरादून मे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल जी ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से भेंट कर एवं मिष्ठान खिलाकर कर्नाटका जीत की वितरण की गई।साथ ही कर्नाटक की महान जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। वहीं कुमांऊ मंडल में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर खुशी का इजहार किया। अल्मोड़ा में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कॉँग्रेस पार्टी की प्रचण्ड जीत पर चघ्घानपाटा में कॉँग्रेसजनों ने एकत्रित होकर जोरदार नारेबाजी के साथ एक- दूसरे को उपाध्यक्ष एन डी पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विनोद वघ्ष्णव मनोज सनवाल, शहजाद कश्मीरी, जिला मंत्री रोहित रघ्तेला,बाला रावत, जिला प्रवक्ता निर्मल रावत, प्रदेश महिला सचिव रजनी टम्टा, पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपा त्रिपाठी, धीरा तिवारी, तारा तिवारी, नगर महामंत्री ( संगठन) वैभव पाण्डेय, सुनील आदि मोजूद रहे। नैनीताल में कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर । इस कार्यक्रम में नरेश अग्रवाल ,छ ठ गुणवंत , संदीप भैसोडा , हिमांशु मेर , संदीप जोशी , राजेन्द्र खनवाल , संजय उप्रेती , सरदार जसविंदर सिंह ,जगमोहन बगडवाल , मंयक भट्ट , हेम पांडे , बहादुर सिंह बिष्ट , उमेश सुयाल , राजेन्द्र सिंह बिष्ट हाजी सुहेल लता पांडे रोहित भट्ट , संजय वर्मा, रमेश नगरकोटी , कन्नू परगाई ,आदि भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

## सिक्स सिगमा में मनाया गया विश्व नर्सेस दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व नर्सेस दिवस का आयोजन बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, जिसका शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधकीय सदस्य श्री वंश डावर, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी श्री ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुश्री कल्पलता सिंह, संस्थान के मुख्य प्राशसनिक अधिकारी श्री अनुभव बाठला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की शुरुवात विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुश्री कल्पलता सिंह के द्वारा पी.पी.टी. प्रस्तुति के साथ किया गया, जिसमे उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल ष्द लेडी विद द लैंपष्की क्रीमिया युद्ध के घायल सैनिकों के प्रति निस्वार्थ सेवा भावना को व्याक्त किया एवं सभी नर्सिंग छात्रों को भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल जैसे एक निस्वार्थ सेवा भाव के साथ समाज के लिए एक अच्छे नर्स बनने हुते प्रेरित किया ।इस कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग के छात्रों द्वारा नर्सिंग दिवस पर आधारित विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाये गये एवं साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के स्वास्थवर्धक पकवान भी बनाया गया जिसे संस्थान के



सभी शिक्षको को खिलाया गया एवं एक पौष्टिक भोजन का हमारे स्वास्थ पर होने वाले विभिन्न अनुकूल प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया, जिसका सभी शिक्षको द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी ।कार्यक्रम के अंत में प्रबंधकीय सदस्य श्री वंश डावर, प्रधानाचार्य अभियन्त्रिकी श्री ललित सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य फार्मेसी डा. विजय सिंह, विभागाध्यक्षा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुश्री कल्पलता सिंह, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री अनुभव बाठला ने सभी नर्सिंग विभाग के छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नर्सिंग दिवस की बधाई दी द्य इस अवसर पर सुश्री बबिता यादव, नेहा मण्डल, दीक्षा सुधा, शिल्पा विश्वकर्मा, अमित प्रकाश, मुकेश कुमार, कार्तिक हालदार, मोहम्मद हिलाल गाजी, डेविड गुगलानी, दिग्विजय सिंह, मुनीश कुमार, अरुन कुमार, मो. रिजवान, अकरम अली, प्रियरंजन तिवारी, ललित भट्ट एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।

## आरएएन में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना मातृ दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आरएएन स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में एफ-1, 2, 3 व कक्षा एक के छात्र-छात्राओं के द्वारा मातृ दिवस के अवसर





पर अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्डियोलॉजिस्ट, जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल डॉ० मंदीप कौर , श्रीमती मधु राय, विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती निधि राय, मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते व सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती निधि राय द्वारा मुख्य अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात नर्सरी व के०जी० के छात्रों द्वारा अपनी माँ के लिए नृत्य व गीत संगीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस नृत्य व गीत ने सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। कक्षा व एक के छात्रों द्वारा कराटे व योगा का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मध्य में अभिभावकों के लिए लकी ड्रा भी रखा गया । इसके अतिरिक्त पिछले सप्ताह हुई मेहंदी, स्केचिंग व फायरलैस कुकिंग आदि प्रतियोगिताओं मे विजयी माताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत मे हुए फैशन शो व नवदुर्गा रूप ने खूब तालियाँ बटोरी। सभी कार्यक्रमों की मुख्यातिथि डॉ० मंदीप कौर और श्रीमती मधु राय द्वारा खूब प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का समापन श्रीमती मेघना गुप्ते द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करके किया गया।

## पेज एक का शेष...

**गुलदार ने घास काट...**पहाड़ी इलाकों में इन दिनों जंगली जानवरों की दहशत है। इसमें गढ़वाल के पौड़ी, उत्तरकाशी, हरिद्वार और कुमाऊं में नैनीताल, अल्मोड़ा जिले में ये दहशत बहुत ज्यादा है। यहां आये दिन जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों में पहुंच जा रहे हैं। जिसके कारण मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। वन विभाग भी लगातार इन मामलों पर नजर रख रहा है। वन विभाग मानव वन्यजीव संघर्ष पर रोक लगाये जाने के लिए लगातार कोशिशें कर रहा है।

**मुठभेड़ में...** हुआ है। पकड़े गए गौ तस्कर के कुछ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस और एसओजी की टीमें उनकी तलाश में जंगलों में कांबिंग कर रही हैं। वहीं एसएसपी अजय सिंह ने रात करीब दो बजे रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचकर घायल सिपाही का हालचाल जाना और बदमाश से भी पूछताछ की।

**ईलाज के नाम पर...**भर्ती है। उसे तीन लाख की सख्त जरूरत है। उसने कहा कि बैंक खाते में 1 लाख 2 हजार कनाडा से ट्रांसफर कर रहा है। यह रकम दिल्ली में भर्ती मरीज के तीमारदार के खाते में डालनी है। इसी तरह दूसरे दिन फिर सुबह उसका फोन आया। इस बार उसने बताया कि अस्पताल में भर्ती दोस्त की मृत्यु हो गई। डिस्चार्ज करने के लिए डेढ़ लाख भेज दो यह पैसे भी मैं कनाडा से ट्रांसफर कर रहा हूं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि फोन करने वाले ने उसे भरोसे में लेकर 2 लाख 30 हजार रुपयों की चपत लगा दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

**शादी करते ही समेकी...**थे इसके लिए उन्होंने पिछले कई सालों से तैयारी की थी। पालिका क्षेत्र में अच्छा वजूद रखने वाले मामून शाह की चेयरमैन बनने की चाहत पर उस समय पानी फिर गया जब यह सीट महिला के लिए आरक्षित हो गयी। राजनीतिक हालातों को भांपते हुए मामून शाह ने नामांकन से एक दिन पहले सना खानम से निकाह कर लिया और अपनी नई नवेली दुल्हन को चुनाव मैदान में ताल ठोकने के लिए तैयार कर लिया। हालाकि कांग्रेस से सना खानम को टिकट नहीं मिला। लेकिन आम आदमी पार्टी ने सना खानम को प्रत्याशी घोषित कर दिया। कल आये नतीजों में रामपुर नगर पालिका सीट पर आप प्रत्याशी सना खानम ने सपा प्रत्याशी फात्मा जबीं को 10 हजार से अधिक वोटों से पराजित कर रामपुर की नगर पालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया।

**बेटी के ससुराल...**आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए जब उक्त दहेज लाने की असमर्थता जताई जाती तो उसके साथ मारपीट करते रहते । धमकाते थे कि अगर दहेज मांग पूरी नहीं की तो अपने बेटे का विवाह कहीं और करा देंगे। वर्ष 2019 में ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिस पर उसने न्यायालय बरेली में एक वाद दायर किया। जिसके बाद ससुरालियों ने समझौता लिख कर दिया कि अब भविष्य में कभी भी दहेज को लेकर मारपीट या उत्पीड़न नहीं किया जाएगा । 27 जनवरी 2023 से पति आकाश यादव व ससुराल वाले उसके साथ दुबारा से वहीं पुराना रवैया अपनाने लगे तथा दहेज के लिए फिर से मारपीट करना शुरू कर दिया । सूचना देने पर 8 फरवरी 2023 को उसके पिता उसकी ससुराल आये ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट की 21 फरवरी 2023 को उसके साथ मारपीट की जिससे वह किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर अपने मायके आ गई । पीड़िता का कहना है कि उसे सभी ससुराल वालों से जान का खतरा बना हुआ है । पुलिस मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने रामपुर...**आदि पुलिस कर्मी शामिल थे। उधर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण कारियों पर सख्ती से कार्रवाई करें। यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रहे, इसके लिए बाधित करने वालों में पर शिकंजा कसा जाए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से एनएच अतिक्रमण मुक्त हो। इसी लिए यह कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई में कोई लापरवाही न हो।

**तमंचा और रामपुरिया...**करने के लिए अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का काम करते हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह भी बताया कि पकड़े गए बदमाश पूर्व में भी जेल की हवा खा चुके हैं। आवशयक पूछताछ के बाद पकड़े गए बदमाशों को पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

## चंपा त्रिपाठी का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राष्ट्रीय मानव अधिकार एन्ड एन्टी करप्शन फोर्स के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चंपा त्रिपाठी को राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मनोनीत करने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन की सदस्यता ग्रहण करने वाली मातृशक्ति का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिसमें नलिनी त्रिपाठी, मंजू शाह, चंपा चिलवाल, सोनू जोशी, भवानी



बिष्ट, राधा आर्य पार्षद, राष्ट्रीय मानवधिकार और भ्रष्टाचार विरोधी बाल और एनसीडब्ल्यूडीसी दोनों संस्थाओं ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में आगे की कार्यकारिणी को निश्चित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव शारिफ खान, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष शोभा बिष्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण, जिला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप आदि लोग मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.

PROJECT
APPROVED
PROJECT

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर

86501-18000